भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2711

दिनांक 04.12.2019 को उत्तर देने के लिए

पाकिस्तान को अगल-थलग करना

2711. श्री गोपाल शेट्टीः

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत ने सितंबर, 2019 में संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के भड़काऊ भाषण का यथोचित जवाब दिया था;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत के विरूद्ध फर्जी प्रपंच और मनगढ़ंत असत्य फैलाने के कारण पाकिस्तान विश्व में अगल-थलग पड़ गया है और भारत को विश्व में सम्मान और आदर प्राप्त हुआ है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

[श्री वी. मुरलीधरन]

(**क**) से (**घ**) भारत ने संयुक्त राष्ट्र सहित अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान द्वारा तोड़-मरोड़कर पेश किए गए तथ्यों और मनगढ़ंत कहानियों को पूर्णतः एवं स्पष्टतः खारिज कर दिया है। भारतीय शिष्टमंडल ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में 27 सितंबर, 2019 को उत्तर देने के अधिकार का उपयोग करते हुए पाकिस्तान के प्रधान मंत्री द्वारा घृणापूर्ण भाषण, जिसमें आतंकवाद को उचित ठहराया गया था, की कड़ी आलोचना की और उनके द्वारा परमाणु हमले की धमकी का डटकर प्रतिकार किया।

सरकार ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सदस्यों को पाकिस्तान द्वारा संघ शासित क्षेत्र जम्मू-कश्मीर सहित भारत के विरुद्ध मिथ्या प्रचार करने और सीमापार से आतंकवाद को लगातार मदद दिए जाने तथा उकसाए जाने के बारे में जानकारी दी।

सरकार की कोशिशों के परिणामस्वरूप पाकिस्तान की ओर से भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने; इस क्षेत्र की स्थिति को भयावह रूप में प्रस्तुत करने; और संयुक्त राष्ट्र सहित अंतरराष्ट्रीय मंचों का दुरुपयोग करने की उसकी कोशिशों को सफलतापूर्वक व कारगर ढंग से नाकाम कर दिया गया है। दुनिया के देशों ने समझदारी दिखाते हुए जम्मू व कश्मीर, जोकि भारत का एक अभिन्न हिस्सा है, से जुड़े मुद्दों को भारत का अंदरूनी मामला बताया है। इन देशों ने पाकिस्तान से यह भी आग्रह किया है कि वह अपने भूक्षेत्र का इस्तेमाल किसी भी तरीके से आतंकवादी गतिविधियों के लिए न करने दे। उन्होंने यह भी माना है कि भारत और पाकिस्तान के बीच मुद्दों, यदि कोई हों, का समाधान द्विपक्षीय तथा शांतिपूर्ण तरीके से किया जाना चाहिए।

***